Roll No. : .......................................

Total No. of Questions : **5** ] [ Total No. of Printed Pages : **7**

# C–173

## B.Com./B.Sc./B.C.A./B.B.A./B.Sc. (Home Sci.)/B.F.A. (Part–I) Examination, 2022

## GENERAL HINDI

### (Compulsory Paper)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**इकाई–I**

1. (अ) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (शब्द सीमा **150**) :

(क) ''नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति-सत्य है, नाम समाज-सत्य। नाम उस पद को कहते हैं, जिस पर समाज की मुहर लगी होती है, आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल सैंक्शन' कहते हैं। मेरा मन नाम के लिए व्याकुल है, समाज द्वारा स्वीकृत इतिहास-प्रमाणित समष्टि-मानव की चित्त गंगा में स्नान।''

**अथवा**

''सुनहरी किरणों ने पीली रेत को एक नया-सा रंग दे दिया था। उस रंग में रेत इस तरह चमक रही थी जैसे अभी-अभी उसका निर्माण करके उसे वहाँ उड़ेला गया हो। मैंने उस रेत पर दूर तक बने अपने पैरों के निशानों को देखा। लगा जैसे रेत का कुँवारापन पहली बार उन निशानों से टूटा हो। इससे मन में एक सिहरन भी हुई, हल्की उदासी भी घिर आयी।'' 6

(ख) ''पशुत्व ? ओह चंद! यदि उस सयम तुम होते तो काँप जाते। तुम्हारी लेखनी कुंठित हो जाती, मनुष्यता थर्रा उठती। आश्चर्य है माता वसुन्धरा यह सब कृत्य कैसे देखती रही और इस पृथ्वीराज के शरीर पर इतना अत्याचार देख लेने पर भी वह माता कहला सकती है ? कवि घोषणा कर दो कि वह वसुन्धरा माता नहीं, पिशाचिनी है।''

**अथवा**

''जिस शासन व्यवस्था में समाजवाद के आने के कागज दब जायें और जो उसकी सुरक्षा की व्यवस्था न करें, उसके भरोसे समाजवाद लाना है तो ले आओ। मुझे एतराज भी नहीं है। जनता के द्वारा समाजवाद न आकर यदि समाजवाद दफ्तरों के द्वारा आ गया तो यह एक ऐतिहासिक घटना हो जाएगी।'' 6

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में दीजिए :

(i) बालकृष्ण भट्ट की निबंध शैली का सोदाहरण विवरण कीजिए।

**अथवा**

मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित 'स्वामी विवेकानंद' शीर्षक के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि प्रेमचंद विवेकानंद के व्यक्तित्व से किस प्रकार प्रभावित हुए ? 7

(ii) "'अदम्य जीवन' रिपोर्ताज में बंगाल के अकाल का जीवंत चित्रण किया गया है।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत रिपोर्ताज का शिल्पवैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' निबंध के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए। 7

**इकाई–II**

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (शब्द सीमा **100**) :

(क) ''मन रे जागत रहिए भाई।

गाफिल होइ बसत मति खोवै, चोर घुसे घर जाई॥टेक॥

षट् चक्र की कनक कोठड़ी, बस्त भाव है सोई।

ताला कूँची कुलफ के लागे, उघड़त बार न होई।

पंच पहरवा सोई गये हैं बसतै जागण लागी।

करत विचार मनहीं मन उपजी, नाँ कहीं गया न आया॥

कहै कबीर संसा सब छूटा, राम रतन धन पाया।''

**अथवा**

बसो मेरे नैनन में नंदलाल। (टेक)
मोहनी मूरत साँवरि सूरति, नैना बने विशाल।
अधर सुधारस मुरलि राजति, उर वैजन्ती माल।
क्षुद्र घंटिका कटितट सोभित नुपूर शब्द रसाल।
मीराँ के प्रभु संतन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल। 6

(ख) ''वह तोड़ती पत्थर।
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर।
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय कर्मरत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार—
सामने तरु मालिका अट्टालिका प्राकार।

**अथवा**

''ओ रे प्रेत—
कड़क कर बोले नरक के मालिक यमराज
''सच सच बतला!
कैसे मरा तू ?
भूख से, अकाल से ?
बुखार, कालाजार से ?
पेचिश, बदहजमी, प्लेग, महामारी से ?
कैसे मरा तू, सच-सच बतला।'' 6

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में दीजिए :

(i) 'भू-लोक का गौरव' कविता में कवि ने भारत की कौनसी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख किया है ? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 7

(ii) 'चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती' कविता की केन्द्रीय भावना स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

ग़ज़ल साहित्य में दुष्यंत कुमार का स्थान एवं विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 7

**इकाई–III**

3. (अ) निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक बताते हुए संक्षेपण कीजिए :

''किसी देश की उन्नति या अवनति उस देश के साहित्य पर अवलंबित है। चाहे तो वह देश की उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे। कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है। वही निर्जीव जाति में प्राण-प्रतिष्ठा करता है और निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार करता है। वही राजनीति को प्रेरणा देता है तथा राजनीतिज्ञों का पथ प्रदर्शन करता है। वही अतीत के गौरव-गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है। वही सोई हुई जाति को जगाता है और उत्साह का संचार करता है।'' 3+2=5

(ब) (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** मुहावरों या लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(अ) अधजल गगरी छलकत जाय

(ब) चोर की दाढ़ी में तिनका

(स) जल में रहकर मगर से बैर

(द) ऊँची दुकान फीका पकवान

(य) आ बैल मुझे मार

(र) नानी के आगे ननिहाल की बातें

(ल) छोटे मुँह बड़ी बात 5

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए :

(अ) उपरोक्त

(ब) मुहूर्त

(स) सन्यासी

(द) निरोग

(य) सारथी

(र) तत्कालिक

(ल) गृहणी 2

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(अ) माँ अपना बच्चा सुला रही है।

(ब) वह बड़े सज्जन पुरुष हैं।

(स) वह दण्ड देने योग्य है।

(द) आजकल वे अपनी जीवनी लिखने में व्यस्त हैं।

(य) रविवार के दिन सभी जगह अवकाश होता है।

(र) लड़की पुस्तक पढ़ी। 2

(घ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से किन्हीं **दो** शब्द-युग्मों का अर्थ बताइए :

(अ) करि – कीर

(ब) क्षति – क्षिति

(स) चिर – चीर

(द) सुत – सूत

(य) श्रवण – श्रमण 2

(ङ) निम्नलिखित में से किसी **एक** सूक्ति का पल्लवन कीजिए :

(अ) जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ

(ब) बिनु भय होय न प्रीति

(स) जब तक सांस तब तक आस। 3

### इकाई–IV

4. (अ) (i) साहित्य अनुवाद में कौन-कौनसी समस्याएँ सामने आती हैं ? संक्षेप में बताइए।

**अथवा**

अनुवाद की परिभाषा लिखिए। (शब्द सीमा **50**) 3

(ii) श्रेष्ठ अनुवाद की क्या विशेषताएँ हैं ? लिखिए। (शब्द सीमा **50**)

**अथवा**

अनुवाद प्रक्रिया के कितने चरण स्वीकार किये गये हैं ? 3

(ब) निम्नलिखित पद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

We the people of India, having solemnly resolved to constitute India into a Sovereign Socialist Secular Democratic Republic and to secure to all its citizens : justice, social, economic and political, liberty of thought, expression, belief, faith and worship, equality of status and of opportunity and to promote among them all fraternity assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the nation in our Consitute Assembly. This Twenty Sixth day of November 1949, do here by adopt, ecenat and give to ourselves this constitution.

**अथवा**

राजस्थानी से हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए :

''कुंवर नुं देख बहुत राजी हुई। तद कुंवर फूलमती नां देख आधो महल माँहे आयो। देखे तो कासूं बहुत सुंदर। कुंवर रो मन इये मों लागो अर फूलमती कुंवर नुं देख बोहत राजी हुई। तद फूलमती बोली रे मानवी तूं आठे ळांसू आयौ। अठै राखस आयौ तो तनै मारसी। तद कुंवर कही तो तेई गत सू मेई गत। तद फूलमती कही गत कासू करे। तोनू राखस मारसी। तद कुंवर कही राखस मारसी तो एक बार तो तूं मोनूं अंगीकार कर। तद फूलमती कही। हूँ कुंवारी छूँ। तद कुंवर फूलमती नुं हाथ पकड़ अर फेरा ले नै परणीज अर उठै भागवी।'' 8

## इकाई–V

5. (अ) किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए :

(i) महिला शिक्षा का महत्त्व

(ii) पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता

(iii) राष्ट्र निर्माण और युवा वर्ग का दायित्व

(iv) भ्रष्टाचार एवं गिरते सांस्कृतिक मूल्य

(v) बेरोजगारी 10

(ब) किसी महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम 'व्याख्याता' पद की नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र लिखिए।

**अथवा**

पुलिस अधीक्षक, हनुमानगढ़ जिला, हनुमानगढ़ को एक पत्र लिखिए जिसमें जिले में बढ़ रहे अपराधों को नियंत्रित करने का अनुरोध हो। 5